तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
18/10/24	पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत वाद वादी द्वारा ग्राम भीमपुरा के खसरा नं0 177 180, 187, 190 के बंटवारे हेतु राजस्थान काश्तकारी अधिनियम अंतर्गत धारा 53 के तहत बंटवारा करने हेतु वाद प्रस्तुत किया है किंतु इसी आराजी एवं इन्ही खातेदारों के मध्य एक वाद उनवान शाहिद हुसैन बनाम हेमराज प्रकरण सं0 37/2023 बंटवारा हेतु पूर्व में जैरकार है। समान पक्षकार, समान आराजी एवं समान प्रकृति का होने के करण हस्तगत प्रकरण को पूर्व में जैरकार प्रकरण उनवान शाहिद हुसैन बनाम हेमराज प्रकरण सं0 37/2023 के साथ कन्सोलिडेट किया जाता है। पत्रावली प्रकरण संख्या 37/2023 उनवान शाहिद हुसैन बनाम हेमराज के साथ दिनांक 11/11/24 को पेश हो।	